प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 19.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र ने की देश में स्वच्छ ऊर्जा और ग्रामीण निवेश को बढ़ावा देने की पहल, दो हजार पांच सौ 85 करोड़ रुपये की लघु जल विद्युत विकास योजना को दी मंजूरी।

2. झारखंड विधानसभा के बजट सत्र ने बनाया नया रिकार्ड, निर्धारित समय से अधिक 112 प्रतिशत हुआ काम, जनहित के सैकड़ों सवालों के मिले जवाब।

3. साहिबगंज में पुलिस और कृषि विभाग ने पकड़ा करोड़ों का नकली कीटनाशक कालाबाजारी का नेटवर्क; एक महिला हिरासत में।

4. झारखंड समेत देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है चैत्र नवरात्र और हिंदू नव वर्ष; मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

5. आइपीएल में झारखंड के ईशान किशन संभालेंगे सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी; पैट कमिंस के चोटिल होने के बाद मिली बड़ी जिम्मेदारी।

****

केंद्र सरकार ने देश में स्वच्छ ऊर्जा और ग्रामीण निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2026–27 से 2030–31 की अवधि के लिए लघु जलविद्युत विकास योजना को मंजूरी दे दी है। लगभग 2,585 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना का लक्ष्य 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे इस क्षेत्र में 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा और बड़े पैमाने रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

****

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल रिकॉर्ड उपलब्धियों के साथ संपन्न हो गया। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करते हुए बताया कि सत्र के दौरान निर्धारित समय से अधिक, यानी पौने 74 घंटे काम हुआ, जो कार्यक्षमता का 112 प्रतिशत है। सत्र में 1 लाख 58 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित किया गया। अध्यक्ष ने सदस्यों द्वारा पूछे गए सैकड़ों तारांकित और अल्पसूचित प्रश्नों को जनसमस्याओं के प्रति उनकी सजगता का प्रमाण बताया।

****

केन्द्र सरकार ने टोल अनुपालन और डिजिटल प्रर्वतन को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम–2026 के संशोधन को लेकर अधिसूचना जारी की है।

****

साहिबगंज पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये के नकली कीटनाशक कारोबार का भंडाफोड़ किया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में 22 लाख रुपये की नकली दवाएं और करीब 4 करोड़ रुपये मूल्य के फर्जी स्टिकर बरामद किए गए। पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया है और पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गयी है।

****

पलामू जिले में नक्सलवाद और अफीम की खेती को जड़ से मिटाने के लिए जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ने की एक विशेष योजना तैयार की है। अफीम प्रभावित इलाकों, विशेषकर मनातू जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों की इच्छा पर बड़े पैमाने पर तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि एक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में 100 तालाब बनाए गए हैं, जबकि आगामी वर्ष 2026–27 के लिए और भी बड़े लक्ष्य तय किए गए हैं। इन तालाबों के जरिए ग्रामीण अब परंपरागत खेती छोड़ मछली पालन करेंगे।

****

चैत्र नवरात्रि का पावन उत्सव आज से शुरू हो गया है। नौ दिवसीय पर्व को लेकर झारखंड समेत देशभर में उत्साह और उमंग है। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश और राज्यवासियों को को चैत्र नवरात्रि और नव सवंतसर की शुभकामनाएं दी हैं।

****

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक आज सवेरे लगभग 2 दशमलव 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स एक हजार सात सौ अंक गिरकर 75 हजार चार पर और निफ्टी 522 अंक गिरकर 23 हजार 256 पर कारोबार कर रहे थे।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 68 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण कल पूरे झारखंड में 60 से 70 किलोमीटर की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्यभर में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी दी है। प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम में सुरक्षित रहने की अपील की है।

****

झारखंड के क्रिकेटर ईशान किशन, इंडियन प्रीमियर लीग–आई.पी.एल.के शुरुआती कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। अभिषेक शर्मा उप–कप्तान बनाये गये हैं। पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। नियमित कप्तान कमिंस पूरी तरह फिट होने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी संभालेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद का पहला मैच मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विरूद्ध बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 28 तारीख को खेला जाएगा।

****